# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२३-२०२४**

| कक्षा:-तीन | विषय:हिंदी | पाठ:9 वीर भरत |
|---|---|---|

**कठिन शब्द**

1)प्रतापी

2)पराक्रम

3)शकुंतला

4)दुष्यंत

5)दुर्वासा ऋषि

6)निहारकर

7)आश्रम

8)तपस्विनी

9)नाराज़

10)निस्संतान

11)जिज्ञासा

12)स्नेहपूर्वक

13)अनुरोध

14)अनुमति

15)सुंदरता

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**प्रश्नक)राजा दुष्यंत ने शकुंतला को क्यों नहीं पहचाना ?**

उत्तर राजा दुष्यंत दुर्वासा ऋषि के शाप के कारण शकुंतला को पहचान ना सके ।

प्रश्न ख)राजा दुष्यंत कौन सा दृश्य देखकर चौंक गए ?

उत्तर राजा दुष्यंत ने देखा कि एक बालक शेरनी के एक शावक को उठाकर उसके दाँत गिरने का प्रयास कर रहा है। इस अद्भुत दृश्य को देखकर राजा दुष्यंत चौंक गए।

प्रश्न ग) राजा ने तपस्विनी से क्या पूछा?

उत्तर राजा ने तपस्विनी से पूछा कि यह बालक ऋषिपुत्र तो नहीं लगता ! यह किस वंश का है ? प्रश्न घ)राजा दुष्यंत ने सर्वदमन को उसकी माँ के पास ले जाकर क्या किया ?

उत्तर राजा दुष्यंत सवर्दमन को उसकी माँ के पास ले गए और अपनी भूल के लिए उनसे क्षमा माँगी।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

क)जिज्ञासा - जानने की इच्छा

हर किसी को अपने भविष्य के बारे में जानने की जिज्ञासा रहती है ।

ख) प्रतापी - जिसका तेज़ चारों ओर फैला हो

अयोध्या के राजा बड़े प्रतापी थे।

ग) वीरता - बहादुरी

सभी सैनिकों ने मैदान में वीरता का प्रदर्शन किया।

घ) अनुमति - आज्ञा

अध्यापक ने छात्रों को कक्षा में आने की अनुमति दी ।

ङ) निहारकर - देखकर

बगीचे में रंग-बिरंगे फूलों को निहारकर रोहन बहुत खुश हुआ ।